## राज्य शिक्षा केन्द्र

## डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2019-20

## डी.एल.एड. प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने के पश्चात् हार्ड कॉपी का प्रिन्ट आउट निकाले ।
2. निकाले गये प्रिन्ट आउट की सभी प्रविष्टियॉ चेक कर लें । यदि आपके संबंध में कोई प्रविष्टि त्रुटिपूर्ण लगे तो उसे Edit के ऑप्शन में जाकर सुधार कर लें । निर्धारित तिथि के बाद Edit का आप्शन उपलब्ध नहीं रहेगा।
3. यदि माता/पिता अथवा स्वयं का नाम या जन्म तिथि त्रुटिपूर्ण है तो वह Edit नहीं होंगी इस हेतु पुराना पंजीयन निरस्त कर निर्धारित अवधि में नया पंजीयन किया जाना होगा।
4. राज्य शिक्षा केन्द्र अथवा एम.पी.ऑनलाइन के द्वारा पृथक से त्रुटि सुधार का आवेदन मान्य नहीं होगा।
5. कक्षा 12 वीं के प्राप्तांक एवं उतीर्ण किये गये बोर्ड की जानकारी अवश्य जॉच लें अन्यथा परीक्षा आवेदन पत्र के अवसर पर इस त्रुटि के आंधार पर परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त हो सकता है।
6. आपके द्वारा अपलोड किये जाने वाले सभी दस्तावेज का मिलान अवश्य कर लें। विशेष रूप से अंक सूचियॉ, फोटाग्राफ, मूलनिवासी, इत्यादि की जॉच अवश्य कर लें।
7. आवेदन पत्र में जो मोबाइल नम्बर दिया जाएगा उसी नम्बर पर OTP, पासवर्ड एवं अन्य आवश्यक जानकारियॉ प्रेषित की जाएगी । अतः इस मोबाइल नम्बर को समय समय पर चेक करते रहें, यदि आपके द्वारा मोबाइल नम्बर बदल दिया जाएगा तो प्रवेश संबधी कोई भी निर्देश की जानकारी नहीं मिलेगी।
8. प्रवेश हेतु संस्था का चयन करते समय यह ध्यान रखें कि आपके द्वारा चयनित संस्था का ही आवंटन किया जाएगा। अतः संस्था चयन हेतु किसी अन्य व्यक्ति पर निर्भर न रहें स्वयं जिन महाविद्यालयों में प्रवेश लेना चाहते हों केवल उनका ही चयन कर प्राथमिकता का क्रम निर्धारित करे ।
9. यद्दपि प्रवेश प्राप्त होनें की स्थिति में एम.पी ऑनलाइन द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर SMS द्वारा सूचित किया जाएगा तथापि समय-सारणी के अनुसार निर्धारित तिथि को प्रवेश/प्रतीक्षा सूची को पोर्टल पर देखकर महाविद्यालय में प्रवेश हेतु अलॉटमेंट लेटर का प्रिन्ट निकाल लें।
10. संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश के समय अलॉटमेंट लेटर एवं आपके द्वारा अपलोड किये गये समस्त दस्तावेजों की मूल प्रतियॉ साथ में लेकर उपस्थित होवें । दस्तावेजो की मूल प्रति के आधार पर महाविद्यालय द्वारा आपका प्रवेश सूची से सत्यापन किया जाएगा। मूल दस्तावेज महाविद्यालय में जमा न करावें ।
11. वर्ष 2019-20 की प्रवेश प्रक्रिया में तीन बार संस्था चयन का अवसर उपलब्ध रहेगा। यदि आपको प्रवेश/प्रतीक्षा सूची में अपेक्षित महाविद्यालय प्राप्त नहीं होता है तो आप आगामी च्वाइस फिलिंग के अवसर पर पुनः नवीन संस्था का चयन कर सकते है।

..........................